NEERAJ®

# M.S.W.E.-007

# अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य

## ( International Social Work )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Harmeet Kaur*

Serving Education for Last 40 Years

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:
1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com
Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

(Publishers of Educational Books)

Retail Sales Office : 1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006

E-mail: info@neerajbooks.com | Website: www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## *Get books by Post & Pay Cash on Delivery :*

*If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.*

*While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.*

*No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 3-4 days after we receive your order and it takes Nearly 4-5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 8-9 days).*

# CONTENTS

# अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य
## ( International Social Work )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—Exam Held in July-2022 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved)* | 1-2 |
| *Sample Question Paper–1 (Solved)* | 1-2 |
| *Sample Question Paper–2 (Solved)* | 1-2 |


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|


**अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य : संकल्पना, मानक और विनियामक निकाय**
**( International Social Work: Concept, Standard and Regulatory Bodies )**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य–अवधारणा, मूल्य और मानक<br>**( International Social Work (Concept, Values and Standards)** | 1 |
| 2. | अंतर्राष्ट्रीय राहत और विकास अभ्यास<br>**( International Relief and Development Practice )** | 12 |
| 3. | अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य अभ्यास : मुद्दे, रणनीतियां और कार्यक्रम<br>**( International Social Work Practice: Issues, Strategies and Programmes )** | 29 |
| 4. | वैश्विक नियामक निकाय : आई.एफ.एस.डब्ल्यू., आई.ए.एस.एस.डब्ल्यू. इत्यादि<br>**( Global Regulatory Bodies: IFSW, IASSW etc. )** | 41 |

**अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक कार्य शिक्षा ( International Social Work Education )**

| | | |
|---|---|---|
| 5. | समाज कार्य शिक्षा : स्वदेशीकरण बनाम अंतर्राष्ट्रीयकरण पर एक परिचर्चा<br>**( Social Work Education: A Debate on Indigenisation Vs. Internationalisation )** | 53 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 6. | अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य शिक्षा : वैश्विक आवश्यकता<br>( International Social Work Education: The Global Need ) | 65 |
| 7. | अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य शिक्षा : सांस्कृतिक मुद्दे और दुविधाएँ<br>( International Social Work Education: Cultural Issues and Dilemmas ) | 73 |
| | **पश्चिम और पूर्व में समाज कार्य का इतिहास**<br>**( History of Social Work in West and East )** | |
| 8. | अमेरिका में समाज कार्य का इतिहास<br>( History of Social Work in the Americas ) | 83 |
| 9. | यूरोप में समाज कार्य का इतिहास<br>( History of Social Work in Europe ) | 96 |
| 10. | प्रशांत एशिया में समाज कार्य का इतिहास-I<br>( History of Social Work in Asia Pacific-I ) | 108 |
| 11. | प्रशांत एशिया में समाज कार्य का इतिहास-II<br>( History of Social Work in Asia Pacific-II ) | 123 |
| 12. | अफ्रीका व मध्य-पूर्व में समाज कार्य का इतिहास<br>( History of Social Work in Africa and Middle East ) | 135 |

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*Exam Held in*

**July – 2022**

*(Solved)*

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य

**( International Social Work )**

**M.S.W.E.-007**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट:*** *सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. विश्व में समाज कार्य शिक्षा के विकास और उत्पत्ति की प्रमुख बहसों पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-56, प्रश्न-1

**अथवा**

**अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य से आप क्या समझते हैं? अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक कार्य की संकल्पना में प्रमुख सरोकारों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, प्रश्न-1

**प्रश्न 2. अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक कार्य शिक्षा की आवश्यकताओं पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-66, 'अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य शिक्षा की आवश्यकता' तथा पृष्ठ-68, प्रश्न-3

**अथवा**

**अफ्रीका और मध्य-पूर्व में सामाजिक कार्य के इतिहास का पता लगाइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-135, 'अफ्रीका में समाज कार्य का विकास' तथा पृष्ठ-137, 'मध्य-पूर्व देशों में समाज कार्य अभ्यास का विकास'

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**( क ) अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, प्रश्न-1

**( ख ) संस्कृति के विषय में सामाजिक कार्य पेशेवर निकायों और सामाजिक कार्य स्कूलों की प्रतिक्रिया पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-78, प्रश्न-2

**( ग ) सामाजिक कार्य और सामाजिक कल्याण के विकास में ऐतिहासिक मील के पत्थर ( तथ्यों ) का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-93, प्रश्न-5

**( घ ) एशिया में समाज कार्य अनुशासन ( विषय ) के उद्भव ( उत्पत्ति ) और विकास पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-108, 'एशिया में समाज कार्य विषय का उद्गम तथा विकास'

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**( क ) अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक कार्य के उद्देश्य क्या हैं?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के लक्ष्य' तथा पृष्ठ-9, प्रश्न-3

**( ख ) आई.सी.एस.डब्ल्यू. (ICSW) में सदस्यता के लिए उपयुक्त मानदंडों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-46, प्रश्न-3

**( ग ) अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक कार्य के मानदंडों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-7, प्रश्न-6

**( घ ) कुछ महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय घोषणाओं और सम्मेलनों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-35, प्रश्न-4

**( ङ ) विकास और राहत कार्य में शामिल संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों को सूचीबद्ध कीजिए।**

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-19, प्रश्न-5

**(च) न्यूजीलैंड में समाज कार्य शिक्षा का वर्तमान स्तर क्या है?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-115, प्रश्न-4

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) पूंजीवाद और उपनिवेशवाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-12, 'पूंजीवाद और उपनिवेशवाद'

**(ख) अंतर्राष्ट्रीय वैयक्तिक कार्य**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-14, 'अंतर्राष्ट्रीय वैयक्तिक कार्य'

**(ग) संस्कृति के दायित्व (कार्य)**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-75, प्रश्न-1

**(घ) ऑक्टेविया हिल**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-96, 'ऑक्टेविया हिल'

**(ङ) यूनिसेफ**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-38, प्रश्न-3

**(च) फ्रांस में समाज कार्य**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-98, 'फ्रांस में समाज कार्य'

**(छ) दक्षिण एशिया में सामाजिक कार्यकर्ताओं के व्यावसायिक संगठन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-129, प्रश्न-3

**(ज) जैकात**

**उत्तर–**जकात इस्लाम में एक प्रकार का 'दान देना' है, जिसको धार्मिक रूप से जरूरी और कर के रूप में माना जाता है। कुरान में सलात (नमाज) के बाद जकात ही का मकाम है। शरीयत में जकात उस माल को कहते हैं, जिसे इंसान अल्लाह के दिए हुए माल में से उसके हकदारों के लिए निकालता है।

इस्लाम धर्म के अनुसार, पाँच मूल स्तंभों में से एक माना जाता है और हर मुस्लमान को अपने धन में से जकात की अदायगी जरूरी है। यह दान धर्म नहीं, बल्कि धार्मिक कर या टैक्स माना जाता है और फर्ज भी है। इस्लाम की शरीयत के मुताबिक हर एक समर्पित मुसलमान को साल (चन्द्र वर्ष) में अपनी आमदनी का 2.5% हिस्सा गरीबों को दान में देना चाहिए। इस दान को जकात कहते हैं।

■■

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य
# ( International Social Work )

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य : संकल्पना, मानक और विनियामक निकाय
## ( International Social Work: Concept, Standard and Regulatory Bodies )

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य–अवधारणा, मूल्य और मानक
## ( International Social Work (Concept, Values and Standards)

1

### परिचय

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य की अवधारणा और अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य से संबंधित विभिन्न दृष्टिकोण हैं। ये अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के आधार हैं। अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के विभिन्न मूल्य, विश्वास और उद्देश्य हैं, जो कि वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं जिनके आधार पर अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य की उत्पत्ति का पता लगाया जा सकता है, सामाजिक शक्तियों का एक आलोचनात्मक विश्लेषण है। अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य की अवधारणा परिवर्तनशील रही है। इसके तहत विकास के महत्त्वपूर्ण कारक हैं, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्यों से जुड़ा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के मूल्य, लक्ष्य और विश्वास व्यवसाय में मौजूद रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीयकरण के तहत सामाजिक कार्यों को विदेशों में जाकर किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य में विभिन्न विभागों में अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए अभ्यास किया जाता है, जिसके तहत क्रेडिट यूनियनों, आपसी सहायता समाज, सामुदायिक कल्याण केंद्रों और सामाजिक सुरक्षा हेतु योजनाओं के रूप में सामाजिक संस्थाओं की स्थापना की जाती है। इस कार्य में लगभग मानकों के नौ सैटों को लगाया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

### अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य-अर्थ, अवधारणाएँ और चर्चाएँ

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य अवधारणा परिवर्तनशील है। यह मानवता से संबंधित वैकल्पिक विश्व को देखने का विचार है, जो कि मानवाधिकार, संरचनात्मक, समानता, भाई-चारा, आत्मविश्वास, लोकतंत्र और मातृभूमि के संरक्षण पर केंद्रित है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था और सामाजिक शक्तियों का आलोचनात्मक विश्लेषण है, जिसके तहत प्रत्येक स्थान के लोगों का सामाजिक और भौतिक कल्याण में सुधार किया जाता है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य अभ्यास विभिन्न देशों में राजकीय, स्थानीय और केंद्रीय स्तर पर किये जाते हैं।

इंटरनेशनल एसोशिएसन ऑफ स्कूल सोशल वर्क और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ सोशल वर्क के गठन द्वारा विश्व के समाज कार्य शिक्षिकों और अभ्यासकर्त्ताओं को एकत्रित होने के लिए बढ़ावा दिया गया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियाँ, अंतर्राष्ट्रीय विकास संगठनों और सामान्य कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्रत्येक स्तर के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई गई है।

यह सहयोग, तुलनात्मक, विनिमय और बातचीत के रूप में परिभाषित किया जाता है। डिक्शनरी में इसे देशों के बीच समाज कार्य के ज्ञान या तरीकों के विषय के बदलाव में परिभाषित किया गया है। मिग्ले के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य का प्राथमिक उद्देश्य समाज कार्य का विकास व्यवसाय के रूप में करना है।

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के प्रयासों में प्राइवेट संगठनों और समाज कार्य के पश्चिमी स्कूलों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसियों को सहायता प्राप्त है। यह व्यापक रूप में ब्रिटेन, उत्तरी अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विभिन्न रूपों में व्यापक हुआ है; जैसे कि सामाजिक, राजनीतिक, ऐतिहासिक, आर्थिक और सांस्कृतिक आदि।

बृजमोहन ने 2012 में समाज कार्यों को एक असंबद्ध अनुशासन माना है, जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य नैतिकता और कार्य पद्धति की मानवीय वास्तविकता मुख्य तत्व है।

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



1. असंबद्ध अनुशासन
2. ज्ञान और सिद्धांत
3. अन्योन्याश्रित दुनिया की विविधता और गतिशीलता।

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के सिद्धांत वैश्विक रूप से अनुप्रयोगों में व्यावहारिक और सत्यभाषी हैं। इनके मुख्य सूत्रीकरण को मानने वाले आधार निम्नलिखित हैं–

*(i)* इसमें सिद्धांत और अभ्यास के वैचारिक मतभेद मौजूद हैं।
*(ii)* सामाजिक कार्यकर्त्ताओं की समझ और वैश्विक वास्तविकताओं की व्याख्या को सीखने के फायदेमंद तरीकों से आकार प्रदान किया जाता है।
*(iii)* सिद्धांत निर्माण एक पुरस्कृत अनुभव है। तुलनात्मक विश्लेषण में यह तार्किक खोज है।

हेली के अनुसार, "अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य एक अंतर्राष्ट्रीय पेशेवर अभ्यास और समाज कार्य पेशा है और इसके सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कार्य करने की सामर्थ्य है। इसके चार पहलू हैं–

*(i)* अंतर्राष्ट्रीयता से जुड़ी घरेलू मुश्किलें और पक्ष समर्थन,
*(ii)* व्यावसायिक विनिमय,
*(iii)* अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास तथा
*(iv)* अंतर्राष्ट्रीय नीति-विकास और वकालत।

फ्रेडलर द्वारा 1955-75 में रेडक्रास और संयुक्त राष्ट्र जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य शब्द का उल्लेख सामाजिक कल्याण की गतिविधियों के लिए किया गया। 'काउंसिल ऑन सोशल वर्क एजुकेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में 1957 में अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य की पहली परिभाषा के रूप में व्यापक दृष्टिकोण को अपनाया गया था। यह दृष्टिकोण शरणार्थियों और अप्रवासियों के कल्याण से संबंधित था।

सैंडर्स और पेडरसन द्वारा 1984 में इस परिभाषा का समर्थन किया गया। 1990 में मिग्ले द्वारा इस दृष्टिकोण पर प्रश्न पैदा किया गया कि कैसे यह अभ्यास का विशिष्ट क्षेत्र है। मिग्ले के अनुसार, यह अंतर्राष्ट्रीय विनियम अर्थसूचक एक किस्म के अलावा कुछ भी नहीं है। हेली भी मिग्ले से सहमत हैं। हॉकेंस्टाड 1992 द्वारा इस विचार का विकास किया गया कि यह विश्व के विभिन्न भागों में अभ्यास कार्य और पेशे से संबंधित है।

आसमोह द्वारा 1997 में कहा गया कि समाज कार्य में अंतर्राष्ट्रीय घरेलू विरोधाभाष समाज कार्यकर्ता में वैश्विक मानसिकता को पैदा करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य में दृष्टिकोण

वैश्विक दृष्टिकोण का रूप व्यापक है। यह एक एकीकृत परिप्रेक्ष्य है, जिसे मानवाधिकार दृष्टिकोण, पारिस्थितिकी दृष्टिकोण और सामाजिक दृष्टिकोण द्वारा मजबूत बनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य में मानवाधिकार दृष्टिकोण मूल आधार है, जिसका अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और घोषणाओं में समर्थन किया गया है। यह मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता द्वारा निर्देशित होता है।

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य में पारिस्थितिकी दृष्टिकोण विश्व के महत्त्व को दर्शाता है, क्योंकि मनुष्य इसका अंश है, इसलिए यह अंतर्राष्ट्रीय विकास और सभी समाज कार्य अभ्यासों से संबंधित है। यह बहुआयामी सामाजिक विकास का महत्त्वपूर्ण पहलू है।

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य में सामाजिक विकास दृष्टिकोण यह व्यक्त करता है कि सामाजिक विकास के विभिन्न पहलू इससे संबंधित हैं। सामाजिक विकास के लिए वातावरण को प्रगति और संरक्षण करने का प्रयास किया जाता है। यह सामाजिक विकास के संदर्भ में सभी समाज कार्यों और अभ्यासों को मार्गदर्शन प्रदान करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य और समाज कार्य के अंतर्राष्ट्रीयकरण के बीच अंतर

यह समाज कार्य के व्यापक दृष्टिकोण को बढ़ाता है, जो कि समाज कार्यकर्त्ताओं को कुशलतापूर्वक मानवतावादी के रूप में कार्य करने में दक्ष बनाता है। यह ज्ञान के रूप में अन्य संस्कृति को बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। एक समाज कार्यकर्त्ता को सांस्कृतिक बहुलवादी समाज में जिसकी जरूरत होती है, वह उदाहरण और सबूत प्रदान करते हैं। डेविन ने 1928 में अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य को अनिवार्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय माना है, क्योंकि समस्याएँ हर जगह देखी जाती हैं। वे कार्य जो अनिवार्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य नहीं हैं, वे हैं–

*(i)* दूसरे देशों में अभ्यास या शोध।
*(ii)* अन्य देशों के कार्यकर्त्ताओं के साथ कार्य।
*(iii)* अंतर्राष्ट्रीय तुलनात्मक शोध और मूल्यांकन।
*(iv)* दो-तिहाई देशों का सहयोग और दक्षिण-उत्तर संबंधों पर शोध।
*(v)* पारसांस्कृतिक समाज कार्य।
*(vi)* संगठनों पर भक्तिभाव।
*(vii)* अंतर्राष्ट्रीय बातचीत में भागीदारी आदि।

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के मूल्य और विश्वास

इस्टेस के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के मूल्य और विश्वास निम्नलिखित हैं–

*(i)* व्यापक समझौतों से उत्पन्न मूल्य, अभ्यास के विषय अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के मानदंड के रूप में व्यवसाय में देखे जाते हैं।
*(ii)* विश्व की किसी भी क्षेत्र से संबंधित घटनाओं से अन्य क्षेत्र किसी-न-किसी रूप से प्रभावित होते हैं।
*(iii)* स्थानीय समुदायों में मौजूद सामाजिक और मानवीय गिरावट असल में अंतर्राष्ट्रीय होती है, यह गतिशीलता अन्य तत्वों से आती है।
*(iv)* अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक बल स्थानीय लोगों में मतभेद बनाए रखता है।
*(v)* स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विकास शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की शर्तों पर होता है।

www.neerajbooks.com

*(vi)* विभिन्न समस्याओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आदेश का पुनर्गठन किया जाता है।

*(vii)* स्थायी समाधान हेतु अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के विशेषज्ञ कार्य में कुशल होते हैं।

*(viii)* अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक कार्य विश्व व्यवस्था की स्थापना हेतु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक आंदोलनों की निरंतरता को बनाए रखता है।

यह मूल्य और विश्वास अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के एकीकरण करने के लिए आकार प्रदान करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के लक्ष्य

इस्टेस के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय कार्य के लक्ष्य निम्नलिखित हैं–

*(i)* अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य विकास हेतु सामाजिक बाधाओं को कम करता है।

*(ii)* यह विकास हेतु अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाता है।

*(iii)* यह मानव विकास की पहल के आधार पर कार्य करता है।

*(iv)* यह गरीबी का उन्मूलन करता है।

*(v)* यह प्रत्येक नागरिक को संरक्षण और प्रगति प्रदान करने का कार्य करता है।

*(vi)* विकास के लिए नयी सामाजिक व्यवस्थाओं को गति प्रदान करता है।

*(vii)* समाज में परिवर्तन के लिए मानवीय मूल्यों, शांति बढ़ाने और मानव विकास का कार्य करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य अभ्यास के क्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के अभ्यास क्षेत्र में शामिल हैं–मानव अधिकार, सामाजिक न्याय, संघर्ष समाप्ति, अंतर्राष्ट्रीय शांति, कमजोर या वंचित वर्गों का कल्याण और संरक्षण। इसके अलावा बच्चे, युवा कल्याण, आपराधिक मामलों में न्याय, वृद्ध कल्याण, शैक्षिक विकास, आपदा प्रबंधन, स्थायी आजीविका विकास, ग्रामीण विकास, उद्यमिता का विकास, सामाजिक सुधार, नीति निर्माण, आतंकवाद, जातिवाद की रोकथाम, युद्ध पीड़ितों, शरणार्थियों, अनाथ या तस्करी से पीड़ित और एच.आई.वी./एड्स या अन्य बीमारियों से पीड़ितों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना। साथ ही यह सामाजिक संस्थाओं की स्थापना करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य में मानक

जुलाई 2001 में आई.ए.एस.एस.डब्ल्यू. और आई.एफ.एस.एस. डब्ल्यू द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य को इस प्रकार परिभाषित किया है, "यह पेशा लोगों के कल्याण के विकास हेतु सामाजिक परिवर्तन, मानवीय संबंधों में समस्या समाधान, लोगों के सशक्तिकरण और मुक्ति को बढ़ावा देता है।" इसके लिए मानव अधिकार और सामाजिक न्याय के सिद्धांत मौलिक हैं। यह इन सिद्धांतों का उपयोग कर उस बिंदु पर हस्तक्षेप करता है, जहाँ लोग अपने वातावरण के साथ प्रतिक्रिया करते हैं। इसके मानकों के नौ सैट हैं; जैसे कि

*(i)* स्कूल के मूल उद्देश्य,

*(ii)* कार्यक्रमों के उद्देश्य और परिणाम,

*(iii)* क्षेत्र के काम सहित कार्यक्रम पाठ्यक्रम,

*(iv)* कोर पाठ्यक्रम,

*(v)* पेशेवर स्टाफ

*(vi)* छात्र,

*(vii)* संरचना, प्रशासन, शासन और संसाधन

*(viii)* सांस्कृतिक विविधता तथा

*(ix)* मूल्य और नैतिकता आदि।

लॉरेंज द्वारा 2001 में उपर्युक्त परिभाषा के संदर्भ में अस्पष्टता, तनाव और सामाजिक कार्य के पेशे के मतभेदों पर विचार किया गय है। जहाँ तनाव स्थानीय और वैश्विक मतभेदों को बढ़ाता है, यह इस पेशे को ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप के साथ जुड़ने का मौका प्रदान करता है। समाज कार्यकर्त्ताओं द्वारा समाज कार्य पेशे को इस प्रकार पुनः परिभाषित किया गया है–

"एक पेशे के रूप में सामाजिक परिवर्तन, सामाजिक स्थिरता, कल्याण और सामंजस्य बढ़ाना, विशिष्ट संस्कृतियों और विभिन्न जातीय समूहों की परंपराओं का समान, जिम्मेदारी और सामूहिक सामंजस्य द्वारा सामाजिक न्याय लाने वाला होना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं–

*(i)* यह वंचित और कमजोर वर्गों पर ध्यान केंद्रित करता है।

*(ii)* यह मतभेदों और अन्याय का दूर करता है।

*(iii)* वर्गों को अपने मौलिक अधिकारों की माँग हेतु प्रेरित करता है।

*(iv)* लोगों के कल्यारण और संरक्षण हेतु नई नीतियाँ और कार्यक्रम बनाता है।

*(v)* प्रत्येक स्तर पर मुद्दों का पक्ष रखता है।

*(vi)* सामाजिक नीतियों और आर्थिक विकास को प्रभावित करता है।

*(vii)* ऐसे समाज का विकास करता है, जो कि मानव अधिकारों का उल्लंघन न करे।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य से आप क्या समझते हैं? अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के विभिन्न दृष्टिकोणों का संक्षिप्त वर्णन करें।**

**उत्तर**–अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य वैश्विक अर्थव्यवस्था और सामाजिक शक्तियों का एक आलोचनात्मक मूल्यांकन है। इसके प्रत्येक क्षेत्र में पड़ने वाले प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। सामान्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के विभिन्न मॉडलों को सीखना है। इसके साथ ही यह विभिन्न देशों में तुलनात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है, इसलिए इसे पढ़ाने और अभ्यास

www.neerajbooks.com



करने के साथ विनियम प्रोग्राम या दो पक्षीय संबंधों के आधार पर देशों की पूर्व निर्धारित संस्कृति के अभ्यास का अनुसरण किया जाता है। यह मानवता से संबंधित दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिसके तहत मानवाधिकार, संरचनात्मक, समानता, भाईचारा, सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, लोकतंत्र और मातृभूमि के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य, सामाजिक कार्य के अंतर्गत अभ्यास का एक सतत् क्षेत्र है, जो कि प्रत्येक स्थान के लोगों के प्रत्येक क्षेत्र के स्तर पर अभ्यास कर सुधार किया जाता है। यह अभ्यास विभिन्न देशों में स्थानीय, केंद्रीय, राज्यीय और राष्ट्रीय स्तर पर किए जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के विभिन्न दृष्टिकोण निम्नलिखित हैं–

***(i)* वैश्विक दृष्टिकोण**–अंतर्राष्ट्रीय समाज के अंतर्गत पहला दृष्टिकोण वैश्विक दृष्टिकोण है। यह पहुँच के दायरे को स्थापित करता है। यह पृथ्वी पर आवश्यक एकता पर ध्यान केंद्रित करता है। इस दृष्टिकोण के तहत प्रत्येक व्यक्ति, जनसंख्या और स्थान शामिल है। प्रत्येक व्यक्ति, जनसंख्या या स्थान के अस्पष्ट महत्त्व के साथ मानवाधिकार दृष्टिकोण और पारिस्थितिकी दृष्टिकोण द्वारा वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान की जा रही है, क्योंकि सब समावेशी हैं। यह एक ऐसा एकीकृत परिप्रेक्ष्य है, जो कि मूल वैश्विक ग्रामीण की अवधारणा को प्रस्तावित करता है। अन्य दृष्टिकोणों के सहयोग से इस एकीकृत तत्व को मजबूती प्रदान की गई है।

***(ii)* मानवाधिकार दृष्टिकोण**–मानवाधिकार दृष्टिकोण वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करता है। यह अंतराष्ट्रीय समाज कार्य के महत्त्वपूर्ण मूल्य आधार का प्रतिनिधित्व करता है। मानवाधिकार दृष्टिकोण में प्रत्येक स्तर के मौलिक अधिकार तथा स्वतंत्रताएं शामिल होती हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और घोषणाओं द्वारा समर्थन प्रदान किया जाता है। इसमें शुरू में अपनाएँ गए मूल आधार पर बल दिया जाता है। पारिस्थितिकी दृष्टिकोण और सामाजिक विकास दृष्टिकोण के सहयोग से यह दृष्टिकोण मजबूती प्राप्त करता है। मुख्य तौर पर इसमें मानवाधिकारों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

***(iii)* पारिस्थितिकी दृष्टिकोण**–अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य दृष्टिकोणों में पारिस्थितिकी दृष्टिकोण अपना प्रमुख महत्त्व रखता है। यह प्राकृतिक विश्व के महत्त्व को दर्शाता है। यह दृष्टिकोण प्रकृति और मानव से संबंधित है, क्योंकि मानव प्रकृति का एक महत्त्वपूर्ण भाग है। इसके तहत प्रत्येक प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय विकास और सभी समाज कार्य अभ्यास शामिल होते हैं, इसलिए यह पर्यावरण का महत्त्वपूर्ण पहलू है। इस दृष्टिकोण में इसके निहित विशिष्ट महत्त्व और उनकी अनदेखी का खतरा शामिल रहता है, इसलिए वैश्विक दृष्टिकोण का महत्त्वपूर्ण भाग होने के नाते इसके साथ अलग व्यवहार किया जाता है। पारिस्थितिकी दृष्टिकोण सामाजिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है; जो कि सामाजिक विकास दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करता है।

***(iv)* सामाजिक विकास दृष्टिकोण**–अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य दृष्टिकोण के तहत सामाजिक विकास दृष्टिकोण प्रमुख भूमिका निभाता है। यह ऐसा प्रमुख तत्व माना गया है, जिसके साथ समाज विकास के विभिन्न पहलुओं से अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य संबंधित है। सामाजिक विकास दृष्टिकोण के मूल्य और उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। सामाजिक विकास को गतिशीलता प्रदान करने के लिए, जिन क्षेत्रों में प्रगति करने का प्रयास किया जाता है। इन सभी कार्यों का मूल आधार विकास होता है। प्रत्येक समाज के विकास के लिए मूल्य आधारित, बहुस्तरीय और बहुआयामी पहुँच का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों का विकास और कल्याण को प्रोत्साहित करना है। अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य, सामाजिक विकास के विभिन्न पहलुओं से संबंधित है और उन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सामाजिक विकास दृष्टिकोण विकास के लिए सभी समाज कार्यों और अभ्यासों को मार्गदर्शन प्रदान करता है। सामाजिक विकास दृष्टिकोण मानवाधिकार दृष्टिकोण, वैश्विक दृष्टिकोण और पारिस्थितिकी दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करता है।

**प्रश्न 2. अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य तथा समाज कार्य के अंतर्राष्ट्रीयकरण के बीच अंतर स्पष्ट करें।**

**उत्तर**–अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य और समाज कार्य के अंतर्राष्ट्रीयकरण के बीच निम्नलिखित अंतर हैं–

1. अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य वैश्विक अर्थव्यवस्था और सामाजिक शक्तियों का आलोचनातमक विश्लेषण है, जिसके तहत राष्ट्रों और समुदायों पर पड़ने वाले प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जबकि समाज कार्य का अंतर्राष्ट्रीयकरण समाज कार्य, कार्यक्रमों और दर्शनों की पढ़ाई अन्य देशों में जाकर करनी होती है।

2. अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य स्वयं एक दृष्टिकोण है, जबकि समाज कार्य का अंतर्राष्ट्रीकरण अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य के दृष्टिकोण को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करता है। यह समाज कार्यकर्त्ताओं को कौशल के साथ मानवतावादी के रूप में कार्य करने के योग्य बनाता है।

3. अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य मुख्य रूप से केंद्रित है-मानवाधिकार, संरचनात्मक, समानता, भाईचारा, सशक्तिकरण, आत्म-विश्वास, लोकतंत्र और मातृभूमि का संरक्षण आदि। जबकि समाज कार्य का अंतर्राष्ट्रीयकरण दूसरी संस्कृति में समाज कार्य का ज्ञान व्यक्ति को अपने देश में पार सांस्कृतिक तथा जातीय संबंधों के साथ कार्य करने में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

4. अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य विभिन्न देशों में तुलनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए पढ़ाया या अभ्यास कराया जाता है, जबकि समाज के अंतर्राष्ट्रीयकरण के तहत सामाजिक कार्य प्रथाओं की विविधता के बीच एक सामान्य कड़ी का सुझाव प्रस्तावित करता है।

www.neerajbooks.com